बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

117th FOUNDATION YEAR
TRUSTED TODAY | TRANSFORMING TOMORROW

बैंक ऑफ बड़ौदा
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ मेट्रो क्षेत्र
प्रस्ताव हेतु आमंत्रण

बैंक ऑफ बड़ौदा को वरीयता के आधार पर निम्नलिखित शाखा, जिसका विवरण अधोलिखित है:-

क्रम संख्या	शाखा का नाम	क्षेत्र	आवश्यक कार्पेट एरिया
1.	बैंक ऑफ बड़ौदा, हीवेट रोड शाखा	शिवाजी मार्ग, जिला-लखनऊ	न्यूनतम 174.65 वर्ग मीटर (1880 वर्गफीट) एवं अधिकतम 207.17 वर्ग मीटर (2230 वर्ग फीट)

उपरोक्त शाखा हेतु पट्टा/किराए पर भूतल पर उक्त वर्णित एरिया वाले तैयार व्यवसायिक परिसर भवन की आवश्यकता है।
उक्त परिसर हेतु निम्नलिखित विवरणो के साथ दो अलग-अलग लिफाफों (टू बिड सिस्टम 1. तकनीकी बिड 2. वित्तीय बिड) में मुहर बंद निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। भूतल के परिसर को प्राथमिकता दी जाएगी, यदि प्रस्तावित परिसर द्वितीय तल या उससे से ऊपर है तो, लिफ्ट की व्यवस्था परिसर मालिक द्वारा अवश्य होनी चाहिए।

लिफाफा नं (1) तकनीकी बिड/टी.बी. में पूरा तकनीकि विवरण होना चाहिये अर्थात परिसर के पूर्ण विवरण सहित लोकेशन, समापन/व्यवसाय प्रमाड पत्र के साथ ड्रान टू स्केल बनाई गई योजना, अधिग्रहण किए जाने वाले प्रत्येक भाग का कार्पेट क्षेत्र, आंतरिक समापन का विनिर्देश, सुविधाएं, कार पार्किंग सुविधाएं, रेलवे स्टेशन से दूरी अधिग्रहण प्रमाण पत्र सहित स्वीकृत प्लान/कब्जा प्रमाण पत्र की एक प्रति, व्यवसायिक उपयोग प्रमाण पत्र , व्यवसायिक उपयोग हेतु स्वीकृति, एवं अन्य/आदि का विवरण होना चाहिये। **तकनीकी बिड में किसी भी रूप में किराए/ मूल्य का विवरण/संकेत नहीं दिया जाना चाहिये।**

लिफाफा नं (2) वित्तीय बिड में वित्तीय विवरण दिया जाए अर्थात कार्पेट एरिया प्रति वर्ग फुट की दर, वर्ग फुट पर कार्पेट क्षेत्र, नगरपालिका करों के ब्योरें एवं लीज व्यय होने चाहिए। **कार्पेट क्षेत्र (आई एसकोड 3861-2002 के अनुसार)में सीढ़ियाँ , गलियारा , मार्ग , बरामदा , लिफ्ट के लिए शाफ्ट एवम् मशीन कक्ष, एयर कंडीशिनिंग डक्ट , लोफ्ट, निर्मित वार्डरोब, शेल्फ , मध्यवर्ती स्तम्भ /कॉलम, विभाजन व दीवार व अन्य अवरोधक , बरामदा, बालकनियां, बाथरूम व शौचालय आदि शामिल नहीं किए जाएंगे।** संभावित स्टाम्प शुल्क, रजिस्ट्रेशन प्रभार, अन्य खर्चे, नगरपालिका-करों सहित मासिक खर्च इत्यादि टू बिड सिस्टम तथा कार्पेट एरिया पर आनरशिप के आधार पर प्रस्तुत न किए गये प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रस्तावित भवन में, दो टॉयलेट (महिला एवं पुरुष), विट्रीफाइड टाइल्स फ्लोरिंग, रोलिंग शुट्टर(सेंट्रल लॉक के साथ) , चैनल गेट एवं 15 केवीए का तीन फेज़ बिजली कनैक्शन(या बैंक की आवश्यकता अनुसार) भवन स्वामी को अपने खर्चे पर उपलब्ध करवाना होगा।

"कार्पेट एरिया में बरामदा, कॉरिडॉर , पैसज एंट्रेंस हाल एवं पोर्च, स्टैरकेस, स्टेअर कवर , शाफ्ट एवं मशीन रूम फॉर लिफ्ट, एसी डक्ट/ प्लांट रूम, शाफ्ट फॉर सैनिटरी/वॉटर सप्लाइ/गार्बेज़/फ़ाइर फाइटिंग/एलेक्ट्रिसिटी/टेली-कम्युनिकेशन/एसी, बाथरूम ,स्टील्ट, कवर्ड/ओपन पार्किंग स्पेस, पम्प रूम, फ्लावर बेड, वाचमेन चौकी, स्टोरेज टैंक, छज्जा, कनोपी एवं पूजा स्थल शामिल नहीं किए जाएंगे।"

Regional Office :Lucknow Metro Region ,Baroda House" IInd Floor ,V-23,Vibhuti Khand ,Gomti Nagar,Lucknow-226010 Phone-:0522-6677610,E-Mail:rm.lucknow@bankofbaroda.com

प्रस्ताव प्रस्तुती की अंतिम तिथि से -120- दिनों की न्यूनतम अवधि के लिए वैध होने चाहिए। कोई भी ब्रोकरेज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

उचित रूप से भरे दोनों सील/मुहर बंद निविदाओं को अलग –अलग लिफाफे पर जिस पर "तकनीकी बिड" एवं "वित्तीय बिड" स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये तथा सूचना/विज्ञापन का संदर्भ विवरण दिया जाना चाहिये। दोनों सील बंद लिफाफों को एक सील लिफाफे में बंद कर दें एवं लिफाफे पर

"हीवेट रोड शाखा, जिला – लखनऊ में परिसर का प्रस्ताव"

लिखा हो तथा आवेदक का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर लिखा हो, को निम्नलिखित पते पर दिनांक 25.02.2025 साँय 3:00 बजे तक जमा कर दें:-

बैंक ऑफ बड़ौदा
परिसर एवं उपकरण विभाग , द्वितीय तल
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ मेट्रो क्षेत्र,
वी 23 , विभूति खंड
गोमती नगर, लखनऊ -226010
संपर्क संख्या- 0522-6677654

तकनीकी बिड दिनांक 25.02.2025 को साँय 3:30 बजे खोली जाएगी। इच्छुक निविदाकर्त्ता/बिडर तकनीकी बिड ओपनिंग के समय उक्त समयानुसार उक्त पते पर उपस्थित रह सकते है।

इस प्रक्रिया के संबंध में बैंक द्वारा किसी भी समय लिया गया निर्णय अंतिम एवं निर्णयात्मक होगा व इस संबंध में किसी भी प्रकार का कोई दावा या विवाद नहीं किया जाएगा।

दिनांक :- 03.02.2025

(प्राधिकृत अधिकारी)
उप क्षेत्रीय प्रबन्धक
लखनऊ मेट्रो क्षेत्र